श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता (देहरादून)
"एक भारत श्रेष्ठ भारत"
(EBSB- CLUB)

पत्रांकः ..../EBSB/2019–20 दिनांकः 02–12–2019

प्रगति आख्या दिनांक 02 दिसम्बर 2019

श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता (देहरादून) में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की ओर से एक दिवसीय ''कर्नाटक राज्यः एक परिचय'' विषय पर ओरियन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को कर्नाटक राज्य के खानपान, उसके इतिहास, संस्कृति से रूबरू कराया गया। नोडल अधिकारी एवं संयोजक डॉ0 अरविन्द वर्मा ने कार्यक्रम में छात्रों को कर्नाटक राज्य का इतिहास, उसकी स्थापना, प्रमुख संस्कृति आदि से परिचित कराया गया।

मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के0 एल0 तलवाड़ जी ने कार्यक्रम में बताया कि कर्नाटक के व्यजंनों में सबसे कम मसाले का उपयोग होता है, जबकि चीनी या गुड़ और मिर्च पाउडर का उपयोग अधिक होता है। कर्नाटक में शाकाहारियों की संख्या अन्य दक्षिणी राज्यों से अधिक है, इसलिए वहॉ पर शाकाहारी भोजन ज्यादा लोकप्रिय है। उत्तर कर्नाटक में भोजनालय को ''खानावली'' कहा जाता है जो प्रायः परिवारों के द्वारा चलाये जाते है, ये सस्ते लेकिन स्वादिष्ट घरेलू भोजन परोसते है। तटीय कर्नाटक के भोजन में समुद्री भोजन, नारियल और नारियल तेल का अधिक उपयोग होता है। चावज यहॉ का मुख्य अनाज है और प्रत्येक भोजन में सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता ने कहा कि जब कर्नाटक के छात्र चकराता महाविद्यालय में आयेगें तो उन्हे जौनसार–बावर की संस्कृति के साथ–साथ यहॉ स्थानीय व्यजंनो का स्वाद भी चखाया जायेगा। भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता इस कार्यक्रम के माध्यम से उजागर होगी। इस कार्यशाला में सह–संयोजक डॉ0 सुनील कुमार, डॉ0 कुलदीप चौधरी, डॉ0 सीमा पुण्डीर, डॉ0 संजीव कुमार शर्मा, डॉ0 नरेश सिंह चौहान, श्री देशराज सिंह सहित 62 छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

02/12/2019

डॉ0 अरविन्द वर्मा
संयोजक, ई.बी.एस.बी. क्लब

Scanned by CamScanner